प्रेस विज्ञप्ति

26 जुलाई 2023

गोरखनाथ ब्लड बैंक द्वारा कारगिल विजय दिवस पर बृहद रक्तदान शिविर का आयोजन कर मां भारती की रक्षा करने वाले वीर जवानों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी।भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम का प्रतीक कारगिल विजय दिवस प्रत्येक वर्ष 26 जुलाई को मनाया जाता है। साल 1999 मे कारगिल युद्ध मे देश के वीर -जवानों ने पाकिस्तान को धूल चटा दी थी। ये बाते ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने बतायी, और कहा की

"हमने परास्त करके वापस उनके देश खदेड़े हैं सिकन्दर जैसे योद्धा को जो सिर झुकाए मात खाऐ लौट गए हैं

हमसे वही टक्कर लेते हैं और भिड़ते हैं जिनका मन धरा से भर चुका होता है”

कारगिल विजय दिवस पर भारत माता के उन तमाम जाँबाज़ों को नमन एवं वंदन, जिन्होंने भारत की धरती और दुश्मनों की गोलियों के बीच अपने फौलादी सीने को दीवार की तरह दुर्भेद बनाकर खड़ा कर दिया ताकि कोई नापाक क़दम इस तरफ न आ सके। कई नवजवानों ने तो बम अपने पीठ एवं पांव में बाधकर बिना अपने प्राणों की परवाह किये पहाड़ों पर चढ़कर दुश्मनों पर टूट पड़े थे

आज इस रक्तदान शिविर मे श्री आनंद कुमार रविंदर यादव अशोक मिश्रा विशाल गुप्ता आशुतोष पांडे के साथ 20 लोगो ने रक्तदान किया।

इस कार्यक्रम मे चिकित्सालय के निदेशक ब्रिगेडियर डीसी ठाकुर,उपर निदेशक डॉ कामेश्वर सिंह, उपस्थित रहे।

ब्लड बैंक तकनीशियन अमित मिश्रा अमित सिंह गार्गी गौतम सौरभ सिंह तथा सतीश की इस शिविर को संचालित करने में महत्वपूर्ण भूमिका रही

सभी रक्तदाताओं को ब्लड बैंक द्वारा सम्मान स्वरूप प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया । रक्तदाताओ का चिकित्सीय परिक्षण, हीमोग्लोबिन, बी.पी पल्स, ब्लड ग्रुप इत्यादि जाँच की गई।